
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 08 अप्रैल 2026, अंक –253.

प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"मंज़िल उन्हीं को मिलती है जो रास्ता नहीं छोड़ते।"
— कन्फ्यूशियस



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

संपादकः- शैलेन्द्र कुमार



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी के बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है.........................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है.........................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य


अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1: रूस (Russia) की राजधानी कहाँ है?**
**उत्तर: मॉस्को (Moscow)**
**प्रश्न 2: विश्व की सबसे लंबी नदी कौन सी है?**
**उत्तर: नील नदी (Nile River - अफ्रीका)**
**प्रश्न 3: 'यक्षगान' (Yakshagana) किस राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है?**
**उत्तर: कर्नाटक**
**प्रश्न 4: यदि एक आयत की लंबाई 5 सेमी और चौड़ाई 3 सेमी है, तो उसका 'परिमाप' (Perimeter) क्या होगा?**
**उत्तर: 16 सेमी [2 \times (5 + 3)]**
**प्रश्न 5: बिहार के किस जिले को 'लीची का शहर' कहा जाता है?**
**उत्तर: मुजफ्फरपुर**
**प्रश्न 6: विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment Day) प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है?**
**उत्तर: 5 जून**
**प्रश्न 7: 'गुरुत्वाकर्षण के नियम' (Law of Gravity) की खोज किसने की थी?**
**उत्तर: सर आइजैक न्यूटन**
**प्रश्न 8: भारतीय संविधान की 'प्रारूप समिति' (Drafting Committee) के अध्यक्ष कौन थे?**
**उत्तर: डॉ. भीमराव अंबेडकर**
**प्रश्न 9: 'दिन' का विलोम शब्द क्या है और 'पवन' का एक पर्यायवाची शब्द बताइए।**
**उत्तर: दिन का विलोम: रात; पवन का पर्यायवाची: वायु**
**प्रश्न 10: सौरमंडल का 'लाल ग्रह' (Red Planet) किसे कहा जाता है?**
**उत्तर: मंगल (Mars)**

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. What – (व्हॉट) – क्या
2. Which – (व्हिच) – कौन सा / कौन सी / कौन से
3. Who – (हू) – जो (व्यक्ति के लिए)
4. Whom – (हूम) – जिसे / जिसे कि
5. Whose – (हूज़) – जिसका / जिसकी / जिसके
6. Which – (व्हिच) – जो / जो कि (वस्तु / पशु)
7. That – (दैट) – जो / जो कि


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

**थीम: “क्या मैं ... हूँ?” (Am I ...?)**

**क्या मैं खुश हूँ? – Am I happy?**
**क्या मैं ठीक हूँ? – Am I fine?**
**क्या मैं तैयार हूँ? – Am I ready?**
**क्या मैं व्यस्त हूँ? – Am I busy?**
**क्या मैं सुरक्षित हूँ? – Am I safe?**


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 08 अप्रैल को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के किस प्रथम महान क्रांतिकारी के बलिदान को याद किया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: मंगल पांडे
व्याख्या: 8 अप्रैल 1857 को बैरकपुर छावनी में महान क्रांतिकारी मंगल पांडे को फाँसी दी गई थी। उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूँका था, जिसने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी। उनका बलिदान भारतीय युवाओं के लिए राष्ट्रभक्ति और साहस का शाश्वत स्रोत है।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला इथेनॉल प्लांट' के सफल संचालन के बाद अनाज आधारित अन्य इकाइयों को प्रोत्साहन देने की घोषणा की है? (समसामयिकी)
उत्तर: पूर्णिया
व्याख्या: अप्रैल 2026 में पूर्णिया जिले में अनाज आधारित इथेनॉल उत्पादन की नई तकनीकी क्षमताओं को विस्तार देने का निर्णय लिया गया है। यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल ईंधन को बढ़ावा देती है, बल्कि स्थानीय किसानों को उनके मक्का और अन्य अनाजों का बेहतर मूल्य दिलाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही है।

3. "पवनदूतम्" नामक प्रसिद्ध संस्कृत काव्य के रचयिता कौन हैं, जो लक्ष्मण सेन के दरबारी कवि थे? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: धोयी (Dhoyi)
व्याख्या: कवि धोयी द्वारा रचित 'पवनदूतम्' कालिदास के 'मेघदूतम्' की परंपरा का एक उत्कृष्ट काव्य है। इसमें पवन (हवा) को दूत बनाकर संदेश भेजने की कल्पना की गई है। यह प्राचीन भारतीय साहित्य की कलात्मक अभिव्यक्ति और भाषाई सौंदर्य का अनूठा उदाहरण है।

4. 'पारिस्थितिकी तंत्र' में ऊर्जा का प्रवाह एक स्तर से दूसरे स्तर पर जाने पर कितने प्रतिशत कम हो जाता है? (पर्यावरण)
उत्तर: 90% (केवल 10% ही आगे बढ़ता है)
व्याख्या: लिंडेमैन के '10 प्रतिशत नियम' के अनुसार, प्रत्येक पोषण स्तर पर उपलब्ध ऊर्जा का केवल 10% ही अगले स्तर तक पहुँचता है, जबकि 90% ऊर्जा ऊष्मा के रूप में नष्ट हो जाती है। इसी कारण खाद्य श्रृंखला में कड़ियों की संख्या सीमित होती है।

5. पुरापाषाण काल के दौरान मानव द्वारा 'आग की खोज' के प्रमाण सबसे पहले किस गुफा स्थल से प्राप्त हुए हैं? (इतिहास)
उत्तर: कुर्नूल गुफाएं (आंध्र प्रदेश)
व्याख्या: कुर्नूल गुफाओं से राख के अवशेष मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि यहाँ रहने वाले आरंभिक मानव आग का उपयोग करना सीख गए थे। आग का प्रयोग रोशनी के लिए, मांस भूनने के लिए और खतरनाक जानवरों को दूर भगाने के लिए किया जाता था। यह मानव विकास की सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक थी।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जो 'तीन ओर' से एक ही देश (बांग्लादेश) की अंतरराष्ट्रीय सीमा से घिरा हुआ है? (भूगोल)
उत्तर: त्रिपुरा
व्याख्या: त्रिपुरा भारत का एक ऐसा उत्तर-पूर्वी राज्य है जो उत्तर, दक्षिण और पश्चिम—तीनों दिशाओं से बांग्लादेश से घिरा है। केवल पूर्व में इसकी सीमा असम और मिजोरम से मिलती है। यह विशिष्ट भौगोलिक स्थिति त्रिपुरा को सामरिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है।

7. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'समान नागरिक संहिता' (Uniform Civil Code) की स्थापना का निर्देश देता है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 44
व्याख्या: राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 44 यह प्रावधान करता है कि राज्य पूरे भारत में सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत कानूनों में एकरूपता लाकर सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

8. वैसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें एक 'अधिक क्रियाशील' तत्व कम क्रियाशील तत्व को उसके यौगिक से अलग कर देता है, क्या कहलाती है? (विज्ञान)
उत्तर: विस्थापन अभिक्रिया (Displacement Reaction)
व्याख्या: विस्थापन अभिक्रिया में अधिक सक्रिय धातु कम सक्रिय धातु को विस्थापित कर देती है। उदाहरण के लिए, जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के नीले घोल में डाला जाता है, तो लोहा कॉपर को हटाकर आयरन सल्फेट बनाता है, जिससे घोल का रंग हरा हो जाता है।

9. विश्व प्रसिद्ध 'महाबलीपुरम के रथ मंदिरों' का निर्माण किस राजवंश के शासकों द्वारा करवाया गया था? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: पल्लव वंश
व्याख्या: तमिलनाडु में स्थित इन मंदिरों का निर्माण 7वीं-8वीं शताब्दी में पल्लव राजाओं (विशेषकर नरसिंहवर्मन प्रथम) ने करवाया था। इन्हें 'सप्त पैगोडा' भी कहा जाता है। ये मंदिर एक ही विशाल चट्टान को काटकर बनाए गए हैं (Monolithic), जो दक्षिण भारतीय वास्तुकला की पराकाष्ठा है।

10. बिहार के किस जिले में 'बाल्मीकि टाइगर रिजर्व' (VTR) स्थित है, जो राज्य का एकमात्र बाघ संरक्षण केंद्र है? (बिहार GK)
उत्तर: पश्चिम चम्पारण
व्याख्या: नेपाल की सीमा से सटे पश्चिम चम्पारण जिले में स्थित VTR बिहार का एकमात्र बाघ अभ्यारण्य है। यह हिमालय की तराई में गंडक नदी के किनारे बसा है। यहाँ बाघों के अलावा भारतीय गैंडे और तेंदुए भी पाए जाते हैं, जो इसे बिहार की प्राकृतिक विरासत का अनमोल रत्न बनाते हैं।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W1): 'अगलगी' से बचाव हेतु यदि किसी व्यक्ति के कपड़ों में आग लग जाए, तो उसे भागने से क्यों रोकना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: क्योंकि भागने से हवा (ऑक्सीजन) मिलती है, जिससे आग और भड़कती है।
व्याख्या: आपदा कैलेण्डर 2026 के अनुसार, आग लगने पर भागने से शरीर को लगने वाली हवा आग की लपटों को तेज कर देती है। ऐसे समय में "रुको, लेटो, लुढ़को" (Stop, Drop, Roll) के नियम का पालन करना चाहिए। जमीन पर लुढ़कने से हवा का संपर्क टूट जाता है और आग बुझ जाती है।

12. 1, 8, 27, 64, ? — दी गई श्रेणी में रिक्त स्थान पर कौन सी संख्या आएगी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 125
व्याख्या: यह श्रेणी पूर्ण घन संख्याओं (n^3) पर आधारित है:


GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

1. Brisk (ब्रिस्क) = Active / Energetic (एक्टिव / एनर्जेटिक) = फुर्तीला
🔁 Antonym – Sluggish (स्लगिश) = सुस्त
2. Cease (सीस) = Stop (स्टॉप) = रोकना / बंद करना
🔁 Antonym – Continue (कंटिन्यू) = जारी रखना
3. Dwell (ड्वेल) = Live / Stay (लिव / स्टे) = रहना / निवास करना
🔁 Antonym – Leave (लीव) = छोड़ना
4. Elate (इलेट) = Make happy (मेक हैप्पी) = बहुत खुश करना
🔁 Antonym – Depress (डिप्रेस) = उदास करना
5. Frugal (फ्रूगल) = Economical (इकोनॉमिकल) = मितव्ययी
🔁 Antonym – Extravagant (एक्सट्रावैगेंट) = फिजूलखर्च




~: संकलन :~
**राकेश कुमार राव**
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**India achieves major nuclear milestone: Prototype Fast Breeder Reactor at Kalpakkam attains criticality; PM Modi calls it a defining step towards energy self-reliance and Stage II of nuclear programme.**
**भारत ने परमाणु क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की: कलपाक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर क्रिटिकलिटी हासिल की; पीएम मोदी ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता और न्यूक्लियर कार्यक्रम के स्टेज II की ओर निर्णायक कदम बताया।**

**Government activates emergency energy plan amid West Asia crisis; diverts LNG imports and accelerates domestic oil & gas exploration to counter supply disruptions.**
**पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने आपात ऊर्जा योजना सक्रिय की; LNG आयात को मोड़ दिया और घरेलू तेल-गैस अन्वेषण तेज किया।**

**Supreme Court takes suo motu cognizance of rising temple stampede incidents; directs states to submit crowd management reports within 15 days.**
**सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में बढ़ती भगदड़ घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया; राज्यों से 15 दिनों में भीड़ प्रबंधन रिपोर्ट मांगी।**

## INTERNATIONAL NEWS

**Iran war day 34: Trump issues fresh ultimatum to Iran on Strait of Hormuz reopening; warns of massive strikes on power plants and infrastructure if deadline missed tonight.**
**ईरान युद्ध 34वें दिन: ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने को लेकर ईरान को नया अल्टीमेटम दिया; समयसीमा चूकने पर पावर प्लांट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े हमलों की चेतावनी।**

**Houthis intensify Red Sea attacks; two more merchant vessels hit, forcing major shipping lines to reroute via Cape of Good Hope, pushing freight costs higher.**
**हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में हमले तेज किए; दो और व्यापारी जहाज प्रभावित, प्रमुख शिपिंग कंपनियां केप ऑफ गुड होप मार्ग अपनाने को मजबूर, माल ढुलाई लागत बढ़ी।**

**China proposes trilateral talks with US and Iran to broker ceasefire; Beijing offers to host negotiations amid growing global calls for de-escalation.**
**चीन ने अमेरिका और ईरान के साथ त्रिपक्षीय वार्ता का प्रस्ताव रखा; युद्धविराम कराने के लिए बीजिंग ने मध्यस्थता की पेशकश की।**

## BIHAR NEWS

**CM Nitish Kumar launches ₹1,200 crore rural connectivity and irrigation projects in Madhubani; says focus on making Mithila a model development region.**
**सीएम नीतीश कुमार ने मधुबनी में ₹1,200 करोड़ की ग्रामीण कनेक्टिविटी और सिंचाई परियोजनाओं का शुभारंभ किया; मिथिला को मॉडल विकास क्षेत्र बनाने पर जोर।**

**Bihar government announces ₹10 lakh ex-gratia and jobs for kin of Nalanda stampede victims; strict guidelines issued for all major religious gatherings.**
**बिहार सरकार ने नालंदा भगदड़ पीड़ितों के परिजनों को ₹10 लाख अनुग्रह राशि और नौकरी घोषित की; सभी बड़े धार्मिक आयोजनों के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी।**

## SPORTS NEWS

**IPL 2026: Rajasthan Royals register convincing win over Mumbai Indians; Sanju Samson stars with explosive fifty as RR climbs up the points table.**
**आईपीएल 2026: राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस पर convincing जीत दर्ज की; संजू सैमसन का विस्फोटक अर्धशतक, RR पॉइंट्स टेबल पर चढ़ा।**

**Virat Kohli continues stellar form; RCB secures third consecutive victory in IPL 2026, Indian captains shine across multiple franchises.**
**विराट कोहली शानदार फॉर्म जारी रखे हुए; RCB ने आईपीएल 2026 में लगातार तीसरी जीत दर्ज की, कई फ्रेंचाइजी में भारतीय कप्तान चमक रहे।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

प्रेरक प्रसंग

# "समानता का सच्चा अर्थ"

8 अप्रैल की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आज समानता और मानवता पर विशेष चर्चा हो रही थी। सभी छात्र ध्यानपूर्वक खड़े थे।
सभा के बाद प्रधानाध्यापक महोदय मंच पर आए और बोले—
"बच्चों, आज हम सीखेंगे कि हर इंसान समान है, चाहे उसकी भाषा, पहनावा या पृष्ठभूमि कैसी भी हो।"
फिर उन्होंने एक कहानी सुनाई—
विद्यालय में एक नया छात्र आया, उसका नाम था समीर। उसका रहन-सहन थोड़ा अलग था। वह अलग तरह के कपड़े पहनता था और उसकी भाषा भी थोड़ी भिन्न थी। कुछ बच्चे उसे अजीब समझकर उससे दूरी बनाने लगे।
लेकिन कक्षा का एक छात्र अंश उसके पास गया और मुस्कुराकर बोला—
"क्या तुम मेरे दोस्त बनोगे?"
समीर थोड़ा झिझका, लेकिन फिर उसने भी मुस्कुराकर हाँ कह दिया। धीरे-धीरे अंश ने उसकी मदद की, उसे स्कूल के माहौल से परिचित कराया।
एक दिन विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। समीर ने अपनी पारंपरिक कला और संगीत प्रस्तुत किया। उसकी प्रस्तुति इतनी शानदार थी कि सभी छात्र तालियाँ बजाने लगे।
अब सभी को समझ आया कि समीर अलग जरूर है, लेकिन उसकी पहचान ही उसकी खासियत है।
प्रधानाध्यापक महोदय ने कहानी समाप्त करते हुए कहा—
"बच्चों, हमें किसी को उसके रूप या भाषा से नहीं, बल्कि उसके गुणों से पहचानना चाहिए। यही सच्ची समानता है।"
सभा के अंत में सभी छात्रों ने संकल्प लिया—
"हम सभी का सम्मान करेंगे और किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे।"
संदेश
"समानता का मतलब एक जैसा होना नहीं, बल्कि हर किसी को समान सम्मान देना है।"



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "फ्लिप्ड क्लासरूम (Flipped Classroom) का महत्व"

पारंपरिक शिक्षण पद्धति में सामान्यतः शिक्षक कक्षा में पढ़ाते हैं और बच्चे घर पर जाकर होमवर्क करते हैं। लेकिन बदलते समय के साथ शिक्षण के नए-नए तरीके विकसित हो रहे हैं, जिनमें से एक महत्वपूर्ण तरीका है—फ्लिप्ड क्लासरूम (Flipped Classroom)। इस पद्धति में पारंपरिक व्यवस्था को उलट दिया जाता है, अर्थात बच्चे पहले घर पर विषय की प्रारंभिक जानकारी प्राप्त करते हैं और कक्षा में आकर उस पर चर्चा, अभ्यास और गहराई से समझ विकसित करते हैं।

फ्लिप्ड क्लासरूम का अर्थ है—"पहले सीखो, फिर समझो"। इसमें शिक्षक बच्चों को पहले से ही वीडियो, ऑडियो, नोट्स या अन्य डिजिटल सामग्री उपलब्ध करा देते हैं, जिसे बच्चे घर पर देखकर या पढ़कर विषय की मूल जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। इसके बाद कक्षा में शिक्षक उस विषय पर चर्चा करते हैं, बच्चों की शंकाओं का समाधान करते हैं और गतिविधियों के माध्यम से विषय को गहराई से समझाते हैं।

उदाहरण के लिए यदि शिक्षक "भिन्न (Fractions)" का पाठ पढ़ाना चाहते हैं, तो वे पहले बच्चों को एक छोटा वीडियो या सरल सामग्री दे सकते हैं, जिसमें भिन्न की मूल अवधारणा समझाई गई हो। बच्चे इसे घर पर देखकर कक्षा में आते हैं। अब कक्षा में शिक्षक बच्चों से प्रश्न पूछते हैं, उन्हें वास्तविक वस्तुओं (जैसे रोटी, फल आदि) के माध्यम से भिन्न समझाते हैं और अभ्यास कराते हैं। इस प्रकार कक्षा का समय केवल व्याख्यान में न लगकर सक्रिय अधिगम (Active Learning) में उपयोग होता है।

फ्लिप्ड क्लासरूम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बच्चों को स्वयं सीखने (Self Learning) के लिए प्रेरित करता है। जब बच्चे पहले से विषय के बारे में जानकर आते हैं, तो वे कक्षा में अधिक आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हैं और अपनी शंकाएँ स्पष्ट रूप से पूछते हैं। इससे उनकी समझ गहरी होती है।

हालाँकि यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि सभी बच्चों के पास घर पर डिजिटल साधनों की उपलब्धता समान नहीं होती, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसलिए शिक्षक को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार इस पद्धति को अपनाना चाहिए। यदि डिजिटल साधन उपलब्ध न हों, तो शिक्षक सरल नोट्स, चित्र या कार्यपत्रक के माध्यम से भी बच्चों को पहले से तैयारी करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

बिहार के विद्यालयों में भी डिजिटल शिक्षा के बढ़ते उपयोग के साथ फ्लिप्ड क्लासरूम की संभावनाएँ बढ़ रही हैं। DIKSHA जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षक और छात्र दोनों ही शिक्षण सामग्री तक आसानी से पहुँच सकते हैं।

अंततः कहा जा सकता है कि फ्लिप्ड क्लासरूम शिक्षण को अधिक सक्रिय, रोचक और प्रभावी बनाता है। यह बच्चों को केवल सुनने वाला नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाता है। यदि इसे सही तरीके से अपनाया जाए, तो यह कक्षा को एक जीवंत और सीखने के अनुकूल वातावरण में परिवर्तित कर सकता है।


.................✍️

मनोज कुमार झा

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।




अनुभाग-9

# "मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा"

## रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा- 2

मंडे पॉजिटिव | सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की टीम चंपारण ज्ञानाग्रह से मौन किंतु प्रभावी शैक्षिक क्रांति की बन रही साक्षी

# चंपारण-ज्ञानाग्रह : बिहार के शैक्षिक पुनर्जागरण का आधुनिक शंखनाद, सरकारी विद्यालयों में ज्ञान की गंगा प्रवाहित हो रही

मणिकांत मिश्र | बेतिया

बिहार की ऐतिहासिक धरती, जो कभी नालंदा और विक्रमशिला के ज्ञानलोक से संपूर्ण विश्व को आलोकित करती थी, आज पुनः एक मौन किंतु अत्यंत प्रभावी शैक्षिक क्रांति की साक्षी बन रही है। इस वैचारिक क्रांति का ध्वजवाहक है चम्पारण-ज्ञानाग्रह। यह केवल एक दैनिक बुलेटिन या पीडीएफ श्रृंखला नहीं है, बल्कि टीचर्स ऑफ बिहार के समर्पित शिल्पकारों द्वारा गढ़ा गया एक ऐसा बौद्धिक अनुष्ठान है, जो राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में ज्ञान की गंगा प्रवाहित कर रहा है। चम्पारण सत्याग्रह की पावन स्मृतियों से ऊर्जस्वित यह पत्रिका आज बिहार के हजारों विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं का प्राण बन चुकी है। इस महती परियोजना के केंद्र में जिले के बगहा दो प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बोदसर के प्रधान शिक्षक शैलेन्द्र कुमार का तपस्वी व्यक्तित्व है। उनके प्रधान संपादकीय और संकलन कौशल ने इस पत्रिका को एक संस्थागत स्वरूप प्रदान किया है।




चंपारण ज्ञानाग्रह टीम द्वारा जारी बुलेटिन।

## निष्कर्ष : दैनिक ज्ञानकोश बिहार के शैक्षिक परिदृश्य पर एक अमिट हस्ताक्षर बन चुका है

टीचर्स ऑफ बिहार- द चेंज मेकर्स के बैनर तले प्रकाशित यह पत्रिका यह सिद्ध करती है कि बिना किसी व्यावसायिक स्वार्थ या सरकारी वित्त पोषण के भी यदि संकल्प शक्ति दृढ़ हो, तो शिक्षा के क्षेत्र में युगांतरकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। यह दैनिक ज्ञानकोश बिहार के शैक्षिक परिदृश्य पर अमिट हस्ताक्षर बन चुका है। चम्पारण-ज्ञानाग्रह केवल शब्दों का संकलन नहीं है; यह शैलेन्द्र कुमार व टीम के उस अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है कि शिक्षक बदलेंगे, तो बिहार बदलेगा।

शिक्षक संवर्धन खंड केवल सूचनात्मक लेखों का संग्रह नहीं, यह शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल व शिक्षण पद्धतियों के नवाचार का एक विमर्श मंच है। मनोज कुमार झा के लेखों में मनोविज्ञान, विद्यालय प्रबंधन व शैक्षिक चुनौतियों का जो विश्लेषण मिलता है। वह शिक्षकों को पारंपरिक ढर्रे से निकालकर आधुनिक शिक्षण की ओर प्रेरित करता है। यह खंड शिक्षकों को यह अहसास कराता है कि वे केवल कर्मचारी नहीं,बल्कि समाज के चेंज मेकर्स हैं। जब एक शिक्षक इस पत्रिका के माध्यम से नई शिक्षण विधियों,बाल मनोविज्ञान और नेतृत्व कौशल से लैस होता है,तो उसका सीधा लाभ कक्षा के अंतिम पायदान पर बैठे छात्र तक पहुंचता है।



**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक (BPSC)
रा.प्रा.वि. बोदसर
बगहा -2, प. चंपारण।

आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# अनुभाग-8 कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 26

## "(मैट्रिक के बाद – Fashion Designing (Diploma))"

## 'संपादकीय'

**प्रिय विद्यार्थियों,**

**यदि आपकी रुचि कंप्यूटर, प्रोग्रामिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और आईटी (IT) सेक्टर में है, तो BCA (Bachelor of Computer Applications) एक अत्यंत लोकप्रिय और भविष्य-उन्मुख कोर्स है। इस कोर्स में Programming (C, Java, Python), Database Management, Web Development, Networking, Software Engineering, Cyber Security आदि विषयों का अध्ययन कराया जाता है, जिससे आप आईटी उद्योग के लिए तैयार होते हैं।**

**अर्हता: 12वीं उत्तीर्ण (किसी भी संकाय से); कुछ संस्थानों में गणित/कंप्यूटर विषय आवश्यक या वांछनीय।**

**नामांकन प्रक्रिया: अधिकांश विश्वविद्यालयों में मेरिट/प्रवेश परीक्षा के आधार पर ऑनलाइन आवेदन द्वारा प्रवेश।**

**बिहार के प्रमुख सरकारी विश्वविद्यालय:**

**Patna University – patnauniversity.ac.in**
**Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University – brabu.net**
**Nalanda Open University – nalandaopenuniversity.com**

**देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:**

**University of Delhi – du.ac.in**
**Banaras Hindu University – bhu.ac.in**
**Jawaharlal Nehru University – jnu.ac.in**

**कोर्स अवधि: 3 वर्ष (6 सेमेस्टर)।**

**रोजगार की संभावना:**

**सॉफ्टवेयर डेवलपर, वेब डेवलपर, डेटा एंट्री/डेटाबेस एडमिन, नेटवर्क इंजीनियर, आईटी सपोर्ट, स्टार्टअप सेक्टर। प्रारंभिक वेतन ₹20,000–40,000 प्रति माह, कौशल और अनुभव के साथ तेजी से वृद्धि।**

**आगे के अवसर:**

**MCA (Master of Computer Applications), Data Science, Artificial Intelligence, Cyber Security, Cloud Computing जैसे उन्नत क्षेत्रों में विशेषज्ञता।**

**वित्तीय सहायता:**

**उच्च शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत सहायता प्राप्त की जा सकती है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in उपयोगी मंच है।**

**संक्षिप्त सलाह: यदि आप आईटी सेक्टर में करियर, अच्छी सैलरी और भविष्य की तकनीकों के साथ काम करना चाहते हैं, तो BCA आपके लिए एक मजबूत और स्मार्ट विकल्प है।**

**अगले पत्र में – मैट्रिक के बाद : Electrician (ITI)। ⚡**

...........✍️

**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2**



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org